Bareilly, Saturday
12 April 2025
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 07 BOTTOM

# डीपीएस और नेशनल पब्लिक स्कूल की हुई रोमांचक जीत

**डीपीएस के 152 रनों के जवाब में बेदी इंटरनेशनल ने 8 विकेट पर 116 रन ही बनाए**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (11 April):** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के तीसरे दिन फ्राइडे को दिल्ली पब्लिक स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल स्कूल को 36 रन से हराया. जबकि अंतिम ओवर तक चले रोमांचक दूसरे मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल ने आदर्श निकेतन स्कूल को एक विकेट से पराजित किया. बेदी के खिलाफ डीपीएस के लिए 47 गेंदों पर 10 चौकों से 67 रन बनाने वाले आदर्श कुशवाहा मैन आफ द मैच चुने गए, वहीं आदर्श निकेतन के 2 खिलाड़ियों को आउट करने वाले विवेक ने मैन आफ द मैच बनने का गौरव हासिल किया.

## डीपीएस कप्तान ने जीता टॉस

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के तीसरे दिन शुक्रवार को टूर्नामेंट का पांचवां और छठा मैच खेला गया. पांचवें मैच में डीपीएस के कप्तान आर्यन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. डीपीएस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 152 रन बनाए. बेदी इंटरनेशनल की ओर से डीपीएस को तोहफे में 17 अतिरिक्त रन भी मिले. लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेदी इंटरनेशनल की टीम की शुरुआत अच्छी रही. विकेट गिरने के बाद भी खिलाड़ियों ने गेंदबाजों पर आक्रमण जारी रखा, जिससे जीत की उम्मीद बनी रही. लेकिन डीपीएस के गेंदबाज शौर्यमन पाठक ने 91 रन के स्कोर पर पांचवें विकेट के रूप में देवांश पटेल को क्लीन बोल्ड कर बेदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. अंततः 20 ओवर में बेदी की टीम 8 विकेट पर 116 रन ही बना सकी. नतीजा डीपीएस ने 36 रन से मैच जीत लिया. 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 67 रन की आक्रामक पारी खेलने वाले डीपीएस के आदर्श कुशवाहा को मैन आफ द मैच चुना गया.



विनर को पुरस्कार देकर किया सम्मानित.

## बल्लेबाजी का फैसला किया

टूर्नामेंट के छठे मैच मे दोपहर 12 बजे आदर्श निकेतन स्कूल के कप्तान सूरज पाल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. इस फैसले को नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाजो ने गलत साबित कर दिया. जिन्होंने 10 ओवर मे 66 रन देकर आदर्श निकेतन स्कूल की टीम के सात विकेट झटक लिए. आदर्श निकेतन की पूरी टीम 18 ओवर मे 112 ही बना सकी. 112 रन के स्कोर मे सबसे अधिक योगदान नेशनल पब्लिक स्कूल की ओर से मिले 38 अतिरिक्त रनो का रहा. 112 रन का पीछा करने उतरी नेशनल पब्लिक स्कूल के बल्लेबाज भी कसौटी पर खरे नही उतरे. आदर्श निकेतन के गेंदबाजो ने उन पर अपना शिकंजा बनाए रखा जिससे अंतिम गेंद तक मैच का रोमांच बना रहा. लेकिन जीत नेशनल पब्लिक स्कूल के नाम रही और उसने अंतिम विकेट गिरने से पहले 19.1 ओवर जीत के लिए 113 रन का स्कोर हासिल किया. इस स्कोर मे सबसे बड़ा योगदान आदर्श निकेतन की टीम का भी रहा, जिसकी ओर से नेशनल को 25 अतिरिक्त रन दिए गए. आदर्श निकेतन के 2 खिलाड़ियो को आउट करने वाले नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाज विवेक को मैन आफ द मैच चुना गया.

### टूर्नामेंट में होंगे ग्रुप मैच

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट मे 12 अप्रैल को ग्रुप-ए मे सुबह 8 बजे मिशन एकेडमी और राधा माधव स्कूल के बीच और ग्रुप- बी मे दोपहर 12 बजे सोबतीस पब्लिक स्कूल बनाम विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीमो के बीच होगा.